जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्र0/जीविवि/परीक्षा–2/गोप0/2024/1984 दिनांक. 09.12.2024

// संशोधित–अधिसूचना //

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि **B.ED. (For College Students) (Session 2024-25)** में प्रवेशित छात्रों के लिये नामांकन रजिस्ट्रेशन कराये जाने हेतु तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती हैः–

नामांकन/रजिस्ट्रेशन हेतु कक्षाओं के नाम, दिनांक एवं शुल्क का विवरण			
कक्षाओं के नाम अन्य विवरण		शुल्क विवरण नामांकन	मध्यप्रदेश के बाहर के छात्रों के लिए नामांकन शुल्क
B.ED. (For College Students) (Session 2024-25)	नामांकन	100/–	200/–
नामांकन/रजिस्ट्रेशन करते समय Application No. के माध्यम से Form नियमित शुल्क के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	-----		
नामांकन/रजिस्ट्रशन विलंब शुल्क रूपये 200/– के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	11.12.2024		
नामांकन/रजिस्ट्रेशन उपरांत समस्त दस्तावेजों को जॉंचोपरांत महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय की नामांकन शाखा में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	12.12.2024		

// आवश्यक निर्देश //

1. छात्रों के नामांकन फार्म **Applicant ID** एवं **DOB** के द्वारा प्रस्तुत होंगे।
2. ऐसे समस्त विद्यार्थी जिनके पास पूर्व में जीवाजी विश्वविद्यालय का नामांकन है ऐसे विद्यार्थियों को केवल नामांकन का ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है तथा जिन विद्यार्थियों के पास जीवाजी विश्वविद्यालय का नामांकन नहीं है वह समस्त विद्यार्थी नवीन नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन करेंगे।
3. समस्त प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित यू0जी0 एवं पी0जी0 कोर्स के छात्र/छात्राओं को आवश्यक रूप से नामांकन का रजिस्ट्रेशन ऑनलाईन माध्यम से भरना है ऐसे समस्त छात्र/छात्राएं जो नामांकन फार्म नहीं भरेंगे वे परीक्षा फार्म भरने से वंचित रह जावेंगे।
4. उपरोक्त निर्धारित की गई तिथि में किसी भी प्रकार की बढोत्तरी नहीं की जाएगी। निर्धारित तिथि तक ही नामांकन कराना सुनिश्चित करें। यदि नामांकन के आभाव में कोई छात्र परीक्षा से वंचित होता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं छात्र एवं संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी।
5. एम0पी0ऑनलाईन के पोर्टल पर नामांकन फार्म भरते समय छात्रों को निम्न दस्तावेज आवश्यक रूप से साथ लेकर जावें।
6. नामांकन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का संशय होने की स्थिति में नामांकन शाखा प्रभारी से सम्पर्क कर प्रक्रिया शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करें।

// आवश्यक दस्तावेज //

1. रजिस्ट्रेशन आवेदन पत्र की प्रति।
2. Proof of Date of Birth जन्मतिथि प्रमाण पत्र की प्रति (हाईस्कूल या हायर सैकेण्ड्री की अंकसूची)
3. (10+2) Marksheet स्नातक, स्नातकोत्तर की अंकसूची परीक्षार्थी द्वारा स्व–प्रमाणित एवं प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षर सील करना अनिवार्य है।
4. Migration Certificate प्रवजन की प्रमाण–पत्र मूल प्रति।
5. Eligibility certificate अर्हता प्रमाण–पत्र, मूल निवासी, जाति प्रमाण–पत्र। **(यदि छात्र ने (10+2)/स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर की परीक्षा मध्यप्रदेश के अन्य अथवा बाहरी बोर्ड/विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की है)**
6. Gap Certificate **(अगर छात्र का पिछली परीक्षा तथा वर्तमान प्रवेश के मध्य कोई अन्तराल रहा है)**
7. **नामांकन आवेदन पत्र जमा करते समय महाविद्यालय सीट संख्या तथा सम्बद्धता का पत्र आवश्यक रूप से संलग्न करें अन्यथा महाविद्यालय के आवेदन पत्र जमा नहीं किए जा सकेंगे।**
8. **नामांकन फार्म में गलत जानकारी पाये जाने पर पूर्ण जिम्मेदारी छात्र एवं संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी।?**

नोट :– विश्वविद्यालय के समस्त छात्रों हेतु Student Information System (SIS) अनिवार्य होगा, जिससे कि समस्त छात्रों के सभी सत्रों के पुराने परीक्षा आवेदन–पत्र, प्रवेश पत्र एवं छात्र का सम्पूर्ण पुराना अभिलेख अपनी नेट की अंकसूची, Migration, Eligibility, Provisional Degree उसकी स्वयं की लॉगिन आई.डी. पासवर्ड पर उपलब्ध रहेगा, जिससे छात्र Student Information System (SIS) के माध्यम से आसानी से निकाल सकेगें। छात्रों को अपने कार्य हेतु अन्य स्थानों पर भटकना नहीं पड़ेगा। यह Student Information System (SIS) छात्र का विश्वविद्यालय द्वारा नामांकन नम्बर जनरेट होने के पश्चात् नामांकन नम्बर से ही किया जायेगा। यह सुविधा पुराने छात्रों हेतु भी अनिवार्य की गई है। पुराने छात्र अपना रजिस्ट्रेशन नामांकन नम्बर से Student Information System (SIS) के माध्यम से कर सकते हैं।

कुलसचिव

प्रतिलिपि–

1. प्राचार्य, समस्त संबंधित महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, ग्वालियर।
2. विभागाध्यक्ष/निर्देशक/समन्वयक, समस्त संबंधित अध्ययनशाला, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलपति जी के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
4. कुलसचिव के निज सहायक,जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
5. उप–कुलसचिव/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा), जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
6. नामांकन शाखा, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
7. प्रभारी आई.टी. सैल, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

प्रभारी परीक्षा नियंत्रक